www.rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण

पटना • कानपुर • वाराणसी से प्रकाशित

देहरादून, शुक्रवार, 27 अप्रैल, 2012

ई ग्रंथालय पुस्तकालय का प्रशिक्षण शुरू

केन्द्रीय विद्यालय संगठन व राष्ट्रीय सूचना केंद्र ने किया आयोजन

देहरादून (एसएनबी)। केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के तत्वावधान में ई ग्रंथालय पुस्तकालय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में आधुनिक तकनीक के जरिये पुस्तकालयों को अपटेड करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

▶ केंद्रीय विद्यालयों के पुस्तकालय अध्यक्षों व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डिप्टी कमिश्नर एनएस राणा ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों को आधुनिक तरीके से अपटेड करने की जो योजना चलाई जा रही है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुस्तकालय में रहे पाठ्य सामग्रियों को सही रखना चुनौती बन गया है। ऐसे में यह तकनीक पुस्तकालयों को अपटेड रखने में काफी सहायक सिद्ध होगी। केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त एनसी कोचर एवं राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के डा. डीआर शुक्ला ने कहा कि तीन दिवसीय इस कार्यशाला में केवि के पुस्तकालय अध्यक्षों के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों को ई ग्रंथालय पुस्तकालय साफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ई-ग्रंथालय एक ऐसी तकनीक है जिसके जरिए पुस्तकालयों को अपडेट रखा जा सकता है। केवी के प्राचार्य टीपी गौड़ ने कहा कि कार्यशाला पुस्तकालयों के लिए उपयोगी होगा। प्रशिक्षण में सभी केन्द्रीय विद्यालयों के पुस्तकालय अध्यक्षों के साथ ही अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।